## महत्वपूर्ण एवं खास

### सड़क पार कर रहे बुजुर्ग को ट्रक ने मारी टक्कर, मौत

**रायपुर (आरएनएस)।** सड़क पार कर रहे व्यक्ति को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दिया जिसके चलते घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की रिपोर्ट पुलिस ने कबीरनगर थाने में दर्ज की है। मिली जानकारी के अनुसार सतनामी पारा हीरापुर कबीरनगर रायपुर निवासी श्रीमती पिंकी मरई 26 वर्ष पति रंजीत मरई ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि हीरापुर गनपत चौक के पास सड़क नंबर 2 पर सड़क पार करते समय पिलऊराम आयु 60 वर्ष को तेज रफ्तार ट्रक क्रमांक पीबी 06क्यू 7877 ने अपनी चपेट में ले लिया। जिसके चलते घटना स्थल पर ही व्यक्ति की मौत हो गई। घटना की सूचना कबीरनगर पुलिस को मिलने पर शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया।

### ट्रक की ठोकर से बाईक सवार युवक की मौत व दो घायल

**रायपुर (आरएनएस)।** मोटरसाइकिल सवार तीन युवकों को तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से जोरदार ठोकर मार दिया जिसके चलते एक युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई वहीं दो युवकों को चोट लगने के चलते उन्हें उपचार के लिये भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम परसवानी निवासी संतु बंजारे व समय कोशले एवं मन्नू बंजारे तीनों युवक मजदूरी का काम करते है एक बाईक पर सवार होकर जाते समय कनकी बस स्टैण्ड के पास आज सुबह 6 बजे पीछे से आ रही तेज रफ्तार ट्रक क्रमांक सीजी 04 एल आर 8977 के चालक ने जोरदार टक्कर मार दिया जिसके चलते मोटरसाइकिल के पीछे बैठे युवक संतु बंजारे की घटना स्थल पर ही मौत हो गई व दो युवकों को चोट लगने के चलते उन्हें इलाज के लिये नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है व ट्रक को जप्त कर ट्रक ड्राइवर की तलाश कर रही है।

### शादी का प्रलोभन देकर बनाया शारीरिक संबंध, मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक संबंध बना शादी करने से इंकार किये जाने की रिपोर्ट मोवा थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार बढ़ातालाब रायपुर निवासी युवती 27 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि जीवन कीन्डो 25 वर्ष पिता मानगिरी किन्डो निवासी खपरा भट्टी लोधीपारा रायपुर ने प्रार्थिया को शादी का प्रलोभन देकर 7 जुलाई 2017 से 21 दिसंबर 2018 तक शारीरिक संबंध बनाते रहा व शादी करने की बात पर शादी से इंकार कर दिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 376 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

### अंतागढ़ टेपकांड मामला: मंतूराम पवार क्राइम ब्रांच दफ्तर पहुंचे

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित अंतागढ़ टेपकांड मामले में अभियुक्त बनाए गए मंतूराम पवार आज पूछताछ के लिए क्राइम ब्रांच दफ्तर पहुंचे। बताया जा रहा है कि आज उनका यहां वाईस सैंपल लिया जाएगा। वाईस सैंपल लेने के लिए उन्हें नोटिस जारी कर बुलाया गया था। मंतूराम पवार के अलावा प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी और उनके पुत्र अमित जोगी को भी वाईस सैंपल के लिए भी नोटिस जारी कर बुलाया गया है।

### बाइक में छिपे नाग ने युवक को डसा, मौत

**रायपुर-दुर्ग, (आरएनएस)।** बारिश की शुरूआत होते ही सर्पदंश की घटनाएं प्रकाश में आ रही है। इसी क्रम में दुर्ग जिले के एक गांव से खबर निकलकर आ रही है जिसमें एक नाग के डसने के 18-20 घंटे बाद ही युवक की मौत हो गई। सूत्रों ने बताया कि मामला दुर्ग जिले के ग्राम भेड़सर के पास कोड़ियाडीह गांव का है। यहां रहने वाले युवक सुभाष पिता सुखसागर को 23 दिन की सुबह एक नाग ने डस लिया था। परिजनों ने उसे तत्काल सेक्टर-9 अस्पताल भिलाई लाकर भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। युवक अपनी बाइक लेकर काम पर जाने के लिए निकल ही रहा था कि इसी बीच बाइक में छिपे बैठे नाग ने उसे डस लिया था।

# गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ले रहे वरिष्ठ पुलिस अफसरों की बैठक

» जीवन भर हिंसा करने वाले नक्सली को पुनर्वास नीति का लाभ क्यों? विषय पर गंभीर मंथन » नक्सल मुद्दे के साथ ही नक्सल प्रभावित जिलों में विकास कार्यों, योजनाओं के क्रियान्वयन पर भी चर्चा

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी के न्यू सर्किट हाउस में आज प्रदेश के गृहमंत्री पुलिस अफसरों की बैठक ले रहे हैं। बैठक में नक्सल उन्मूलन, नक्सल ऑपरेशन, नक्सल प्रभावित जिलों में विकास कार्य, आत्मसमर्पित नक्सलियों के पुर्नवास नीति सहित अन्य मुद्दों को लेकर चर्चा चल रही है।

सूत्रों ने बताया कि यह महत्वपूर्ण बैठक आज सुबह 11 बजे से न्यू सर्किट हाउस में प्रारंभ हुई है। बैठक में राज्य पुलिस प्रमुख डीजीपी डीएम अवस्थी सहित पुलिस मुख्यालय के आला अफसर और खासकर बस्तर रेंज के आईजी सहित अन्य वरिष्ठ अफसर विशेष रूप से उपस्थित हैं। बैठक में नक्सल उन्मूलन को लेकर चर्चा की गई, पुलिस अफसरों ने गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू को बताया कि नक्सल प्रभावित इलाकों में राज्य पुलिस बल अन्य सुरक्षा बलों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर तथा आंध्रप्रदेश पुलिस और महाराष्ट्र पुलिस के साथ मिलकर समय-समय पर ऑपरेशन चलाती रहती है। इसके अलावा



नक्सल प्रभावित अन्य राज्यों की पुलिस के साथ भी बेहतर समन्वय स्थापित कर कार्य कर रही है। गृहमंत्री ने पिछले दो सालों में नक्सल उन्मूलन को लेकर चलाए गए महत्वपूर्ण ऑपरेशन व योजनाओं को लेकर भी पुलिस अफसरों से जानकारी ली। बैठक में गृहमंत्री ने नक्सल प्रभावित जिलों में तैनात पुलिस अधिकारियों व जवानों को होने वाली समस्याओं को लेकर जानकारी ली और वरिष्ठ अफसरों को इसके निराकरण करने का निर्देश दिया गृहमंत्री ने नक्सल प्रभावित जिलों में मूलभूत सुविधाओं को बढ़ाने खासकर शिक्षा और स्वास्थ्य की दिशा में चलाए जा रहे योजनाओं और इसके बेहतर क्रियान्वयन पर जोर दिया।

उन्होंने सड़क, बिजली, पानी और शिक्षा और स्वास्थ्य की दिशा में अब तक हुए कामों और वर्तमान में चल रही योजनाओं की जानकारी भी ली। बैठक में पुनर्वास नीति को लेकर मंथन चल रहा है।

सूत्रों की माने तो इस नीति में जल्द ही बड़ा बदलाव हो सकता है। ज्ञात हो कि कुछ समय पूर्व ही यह बात सामने आई थी कि जीवन भर हिंसा के रास्ते में चलने के बाद बुजुर्ग होने पर जब वे संगठन के लिए काम नहीं कर पाते तो वे समर्पण कर देते हैं और उन्हें पुर्नवास नीति का लाभ मिल जाता है, जबकि उन्हें हिंसा और अपराधों के लिए सजा मिलनी चाहिए। ऐसे में पुर्नवास नीति में बदलाव को भी जरूरी माना जा रहा है, आज चल रही बैठक में संभवतः इस पर कोई ठोस निर्णय लिया जा सकता है।

## मुख्यमंत्री की मां का स्वास्थ्य बिगड़ा, शहर के निजी अस्पताल में भर्ती

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मां का स्वास्थ्य आज सुबह अचानक बिगड़ गया। परिजनों ने उन्हें तत्काल शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उनका उपचार जारी है। इधर मुख्यमंत्री ने गरियाबंद सहित अपने अन्य कार्यक्रम स्थगित कर दिया है। सूत्रों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मां का स्वास्थ्य उपर-नीचे चल रहा था। आज सुबह उनकी तबियत कुछ ज्यादा बिगड़ी तो परिजनों ने उन्हें तत्काल राजधानी के एक निजी अस्पताल में लाकर भर्ती कराया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी अपनी मां की देखरेख कर रहे हैं। इसके अलावा उनके परिजन भी अस्पताल में उपस्थित हैं। अस्पताल के चिकित्सकों ने उपचार शुरू कर दिया है।

ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आज गरियाबंद जिले का दौरा कार्यक्रम था, इसके अलावा वे रानी दुर्गावती बलिदान दिवस के कार्यक्रम में भी शामिल होने वाले थे।

## गर्भवती माताओं को मुनगा पौधे का वितरण

**कांकेर (आरएनएस)।** मुनगा के पत्ती और फल्ली में भरपूर मात्रा में आयरन एवं पोषक तत्व पाये जाते है, जिससे एनिमिया से बचने में मदद मिलती है और हिमोग्लोबिन बढ़ता है। कलेक्टर के.एल. चैहान के मार्गदन में जिले के गर्भवती माताओं को आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से मुनगा पौधा का वितरण किया जा रहा है ताकि गर्भवती माता मुनगा के पत्ती और फल्ली का सेवन सुविधापूर्वक ढ़ंग से कर सकें। जिले के सभी गर्भवती माताओं को उनके पंजीयन के दौरान मुनगा का एक पौधा उनके घर में लगाने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग के मैदानी कर्मचारियों पर्यवेक्षक एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा उद्यानिकीय विभाग तथा वन विभाग के नर्सरी से प्राप्त कर इस माह से प्रदाय किया जा रहा है। अब तक कांकेर विकासखण्ड में 280, चारामा विकासखण्ड में 290, नरहरपुर में 225, भानुप्रतापपुर में 745, अंतागढ़ में 645, दुर्गूकोंदल में 374 और कोयलीबेड़ा विकासखण्ड में 315 मुनगा के पौधे वितरित किये गये हैं, यह कार्य निरंतर जारी रहेगा। मुनगा पौधे के देख-रेख की जिम्मेदारी गर्भवती माताओं एवं उस ग्राम के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका की होगी। भविष्य मे मुनगा के पौधे से प्राप्त पत्ती एवं फल्ली का सेवन गर्भवती माताओं द्वारा किया जायेगा, जिससे आयरन एवं अन्य पोषक तत्वों की पूर्ति



होगी और उन्हें एनिमिया से बचने में मदद मिलेगी व हिमोग्लोबिन का प्रतिशत बढ़ेगा।

## पुलिस भर्ती का रिजल्ट जारी नहीं किये जाने के विरोध में अभ्यर्थियों ने किया धरना-प्रदर्शन

» प्रदर्शन में अभ्यर्थियों के परिजन भी हुए शामिल

**रायपुर (आरएनएस)।** 2017-18 भर्ती संवर्ग का रिजल्ट अब तक जारी नहीं किए जाने के विरोध में इस भर्ती परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों ने आज अपने-अपने परिजनों के साथ मिलकर राजधानी रायपुर के बुढ़ातालाब के पास धरना-प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों का कहना है कि 2017-18 भर्ती सवर्ग की प्रकियाओं पूरी किए हुए उन्हें करीब 6 माह बीत चुके है, लेकिन अब तक इसका रिजल्ट जारी नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि इस संबध में उन्होंने पूर्व में डीजीपी से भी मुलाकात कर चुके है। डीजीपी से उन्हें आश्वासन भी मिला था, लेकिन इसके बावजूद आज तक रिजल्ट जारी नहीं किया गया है। प्रदर्शनकारी अभ्यर्थियों ने कहा



कि उनके द्वारा हालही में प्रदर्शन किए जाने के बाद भी रिजल्ट को लेकर शासन द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इसलिए आज वे अपने-अपने परिजनों के साथ धरना-प्रदर्शन कर रहे है।

## बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए हम सब दिन-रात एक कर देंगे : भूपेश बघेल

» शैक्षणिक सत्र के प्रथम दिन पर सीएम का संदेश

**रायपुर (आरएनएस)।** शिक्षा सत्र 2019-20 के आज प्रथम दिन स्कूल खुलने पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ट्वीट कर पालकों को आश्वस्त किया है कि बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए हम सब दिन-रात एक कर देंगे।



आज 24 जून से स्कूलों के ताले फिर से खुल गए हैं। डेढ़ माह के ग्रीष्म अवकाश के बाद आज स्कूलों में लौटी रौनक से पालक भी खुश नजर आ रहे हैं। नन्हें-मुन्ने बच्चे जिनका यह पहला शैक्षणिक सत्र है, अपने-अपने पालकों के साथ स्कूल पहुंचे थे। शहर के अधिकांश स्कूलों में सुबह से ही बच्चों का आना शुरू हो गया था। शैक्षणिक सत्र के पहले दिन बच्चों के स्कूल पहुंचने पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने ट्वीटर एकाउंट पर एक ट्वीट किया है जिसमें उन्होंने लिखा है-आज नया शिक्षण सत्र प्रारंभ होने के साथ हमारे प्यारे बच्चों के स्कूल पहुंचने से स्कूलों में एक बार फिर से रौनक दिखाई देगी। इस अवसर पर मैं शिक्षकों एवं अभिभावकों को शुभकामनाएं देता हूं। मैं जनता को आश्वस्त करता हूं कि बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए हम सब दिन-रात एक कर देंगे।

## घरेलू विवाद पर पत्नी की हत्या कर पति ने लगाई फांसी

**रायपुर (आरएनएस)।** तेलीबांधा थाना क्षेत्र अंतर्गत वीआईपी रोड स्थित गौरव गार्डन में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की हत्या कर खुद फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार उड़ीसा निवासी उमाकान्त अपनी पत्नी के साथ गौरव गार्डन के पास लेबर क्वार्टर में रहकर वहीं पति -पत्नी काम किया करते थे। पति-पत्नी में किसी बात पर विवाद होने के चलते पति उमाकान्त ने अपनी पत्नी चंपा बाई के सिर पर पत्थर से वार कर हत्या कर दिया व खुद पेड़ पर साड़ी का फंदा बनाकर फांसी पर झुल गया।

सुबह लोगों ने जब गार्डन में लाश देखा तो इसकी सूचना तेलीबांधा थाने में दिया। जिसके बाद तेलीबांधा पुलिस घटना स्थल पर पहुंच पंचनामा कर दोनों शवों को पोस्मार्टम के लिये भेज दिया।

## यातायात जाम करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस का अभियान जोरशोर से जारी

**रायपुर (आरएनएस)।** शहर में आए दिन चौक चौराहों पर लगने वाले जाम को यातायात सुगम बनाने के उद्देश्य से यातायात पुलिस का अमला सक्रिय कार्यवाही कर रहा है। मिली जानकारी के अनुसार शहर के व्यस्तत्तम मार्गों पर वाहन चालकों दोपहिया चौपहिया द्वारा बिना पार्किंग के वाहन रोकने से वाहनों की आवाजाही प्रभावित होती है। पुलिस अधीक्षक रायपुर के निर्देश पर यातायात पुलिस द्वारा रविवार को श्याम टाकिज के पास अवैध पार्किंग में खड़े वाहनों के चालकों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की गई। रविवार को 350 वाहनधारियों के खिलाफ यातायात पुलिस के अमले ने कार्यवाही की है। वहीं आज सुबह भगत सिंह चौक से टर्निंग पाइंट चौक तक लगे सड़क के दोनों ओर अवैध ठेलों को हटाने के लिए यातायात पुलिस का अमला सक्रिय रहा। शंकर नगर ओवरब्रिज (पूर्व छोटी लाईन क्रासिंग) के खड़े वाहनधारियों को पुलिस ने समझाइश देते हुए वाहनों को



वहां न खड़ा करने की चेतावनी दी। यातायात पुलिस पर आए दिन जाम की समस्या को लेकर तरह तरह के सवाल किये जाते रहे है। अंततः युवा पुलिस अधीक्षक की पहल पर यातायात सुगम बनाने के लिए यातायात अमले ने युद्धस्तरीय प्रारंभ कर दिये है। आने वाले समय में पुलिस प्रशासन द्वारा तीज त्यौहारों के समय यातायात जाम की समस्या से लोगों को छुटकारा मिलेगा। ऐसी आशा वरिष्ठ नागरिक एस के पाण्डेय ने व्यक्त की है।

## ब्रह्मास्त्र में मुख्य विलेन का रोल मिलने से हैरान थीं मौनी रॉय

अयान मुखर्जी के निर्देशन में बन रही फिल्म ब्रह्मास्त्र शुरुआत से ही ही चर्चा में रही है। फिल्म को लेकर लोगों में इसलिए भी उत्सुकता है क्योंकि इसमें रणबीर कपूर और आलिया भट्ट एक साथ नज़र आने वाले हैं। इस फिल्म में टीवी की नागिन यानी छोटे परदे से बड़े परदे तक का सफर तय कर चुकीं मशहूर अभिनेत्री मौनी रॉय भी अहम रोल में नज़र आएंगी।



मौनी इस फिल्म में अहम रोल मिलने से सातवें आसमान पर हैं. फिल्म में वो विलेन का किरदार निभा रही हैं. हाल ही में टाइम्स ऑफ इंडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा, मैं फिल्म में मुख्य विलेन का किरदार निभा रही हूं. मैं इसको लेकर काफी उत्साहित हूं. अलग तरह के किरदार निभाने से चुनौती मिलती है वो मेरे लिए अच्छी है. शुरुआत में तो मुझे यकीन ही नहीं हुआ कि वो चाहते हैं कि मैं विलेन का किरदार अदा करूं.

मौनी ने कहा, अयान मुखर्जी ने नागिन में कुछ ऐसा देखा जिससे उन्हें लगा कि मैं विलेन का किरदार निभा सकती हूं. इसलिए आप नहीं जानते कि कब क्या हो जाए. एक अभिनेता के तौर पर आपको एक्सपेरिमेंट करते रहना चाहिए वरना आप न कुछ सीख पाएंगे और न ही आगे बढ़ पाएंगे.

आपको बता दें कि इस फिल्म में रणबीर, आलिया और मौनी के अलावा महानायक अमिताभ बच्चन, डिंपल कपाड़िया और नागार्जुन भी अहम भूमिका में नज़र आएंगे. ये तीन फिल्मों की सीरीज़ के तौर पर आएगी. इसका निर्माण धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले हो रहा है. फिल्म अगले साल रिलीज़ होगी.

## भारत में कैटरीना के साथ सीन नहीं कर पाने से निराश हैं दिशा



बॉलीवुड अभिनेत्री दिशा पाटनी फिल्म भारत में कैटरीना कैफ के साथ कोई सीन नहीं कर पाने को लेकर निराश हैं। सलमान खान की फिल्म भारत ईद के अवसर पर 05 जून को प्रदर्शित हुयी है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर 200 करोड़ से अधिक की कमाई कर चुकी है। फिल्म में सलमान खान के अलावा कैटरीना कैफ और दिशा पाटनी की भी अहम भूमिकाएं है। दिशा ने भारत में सलमान के साथ स्क्रीन शेयर किया लेकिन उन्होंने कैटरीना के साथ किसी भी सीन में नहीं देखा गया। इस बात से दिशा भी निराश हैं।

दिशा ने बताया कि वह इसे दुर्भाग्यपूर्ण मानती हैं कि भारत में उन्हें कैटरीना के साथ काम करने का कोई मौका नहीं मिला। वहीं सलमान खान के साथ स्क्रीन शेयर कर दिशा बेहद एक्साइटेड है। उन्होंने सलमान को मेहनती, एनर्जेटिक और नेकदिल बताया है।

## भिंडी खाने से कम होगा वजन, कब्ज, गैस, एसिडिटी से मिलेगा आराम, जानें इसके फायदे

गर्मियों के मौसम में भिंडी की पैदावार होती है. ज्यादातर लोग भिंडी की सब्जी और भरवां भिंडी खाना पसंद करते हैं. दाल चावल के साथ खाने में अगर कुरकुरी भिन्डी की सब्जी हो तो कहना ही क्या. भिंडी स्वास्थ्य के लिए भी काफी लाभकारी है. इसमें विटामिन्स, मिनरल सहित कई पोषक तत्व पर्याप्त मात्रा में पाए जाते हैं. भिंडी में फाइबर की प्रचुर मात्रा होती है. यही वजह है कि इसके सेवन करने से पेट अच्छी तरह से साफ होता है. आइए जानते हैं भिन्डी के सेवन के फायदे.

मोटापा कम करने के लिए भी भिंडी का सेवन काफी फायदेमंद है. इससे बॉडी का मेटाबॉलिज्म रेट ठीक रहता है जिससे हाजमा भी दुरुस्त रहता है. बता दें कि भिंडी मोटापा कम करने में भी काफी सहायक है. इसका पानी पीने से भी मोटापा तेजी से कम होता है.

भिंडी में फाइबर की मात्रा भरपूर रहती है जिससे कि पेट में मरोड़ वाले दर्द, गैस की वजह से पेट फूलने की समस्या, डायरिया, कब्ज और एसिडिटी की समस्या से निजात मिलता है. इसमें लो



ग्लाइसेमिक इन्डेक्स होता है जिससे कि बॉडी में शुगर का स्तर मेन्टेन रहता है.

भिंडी में विटामिन्स ए प्रचुर मात्रा में पाया जाता है. विटामिन ए के सेवन से आंखों की रौशनी ठीक रहती है. इसमें ल्यूटिन, बीटा-कैरोटिन, एंटी-ऑक्सिडेंट पाए जाते हैं जो त्वचा की खूबसूरती बरकरार रखते हैं और इससे आंखों की बीमारियां भी नहीं होती हैं.